GEOGRAPHICAL SOCIETY OF CENTRAL HIMALAYA

www.gsch.co.in

दिनांक 16/7/2023 को **ज्योग्राफिकल सोसाइटी ऑफ सेंट्रल हिमालय** की अध्यक्ष प्रोफेसर अनीता रुडोला, विभागाध्यक्ष भूगोल पौड़ी कैम्पस, हेमवती नंदन बहुगुणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय उत्तराखंड के अध्यक्षता में सोसाइटी की वर्ष में होने वाली साधारण बैठक के अंतर्गत आनलाइन गूगल मीट के माध्यम से एक साधारण बैठक का आयोजन किया गया। प्रोफेसर अनीता रुडोला द्वारा मेंबरशिप लेने वाले सभी सदस्यों का स्वागत किया गया। बैठक का संचालन सोसायटी उपाध्यक्ष डॉक्टर राजेश भट्ट श्रीनगर द्वारा किया गया जिसमें सोसायटी अग्रिम कार्यसूची बताई गई। प्रोफेसर डी. डी. चोनियाल देहरादून, प्रोफेसर जीवन सिंह रावत अल्मोड़ा, प्रोफेसर वी.पी. सती मिजोरम, प्रोफेसर बी.आर. पंत हल्द्वानी द्वारा मेंबरशिप लेने वाले सदस्यो की संख्या वृद्धि के संबंध में बात की गई।

सोसाइटी का **वार्षिक कैलेंडर 25 जनवरी पर्यटन दिवस**, **22 अप्रैल मध्य हिमालय दिवस**, **5 जून पर्यावरण दिवस**, **9 सितंबर हिमालय दिवस व 11 दिसंबर पर्वत दिवस** के रूप में मनाए जाने की बात कही गई। **प्रोफेसर जीवन सिंह रावत द्वारा 15 नवंबर को जी.आई.एस. दिवस** मनाए जाने का प्रस्ताव रखा गया जिसे सर्व सहमति से पारित किया गया। सोसायटी सचिव डॉ किरन त्रिपाठी सहायक प्राध्यापक हरिद्वार द्वारा सोसायटी द्वारा सेमिनार के आयोजन का प्रस्ताव रखा गया जिस पर प्रोफेसर डी.डी. चौनियाल , प्रोफेसर वी.पी. सती ,प्रोफेसर बी.आर. पंत , प्रोफेसर जीवन सिंह रावत द्वारा सोसायटी के अन्य सदस्यों के साथ विस्तृत चर्चा की गई तत्पश्चात सर्व सहमति से अक्टूबर-नवंबर में एक सेमिनार का प्रस्ताव रखा गया जिसके लिए एक समिति का गठन किया जाएगा। अंत में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर कमल बिष्ट देहरादून ने सोसाइटी के सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर प्रो.एम एस नेगी श्रीनगर, डॉ अर्चना नौटियाल जहरीखाल, डॉ मंजू भण्डारी देहरादून, रियाज अहमद शामिल थे।